**JAIN COLLEGE, J. C Road, Bangalore**
**Mock Paper – 1, December - 2018**
**I PUC – HINDI (03)**

समय: 3:15 मिनट                                                    कुल अंक:100

**सूचना:** १. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपी में लिखना अनिवार्य है।
२. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

**I. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x=6**

१. किस शक्ति के सामने सब शक्तियाँ दब जाएँगी?
२. महादेवी वर्मा को किसका अनुभव संक्षिप्त था?
३. भीमरावजी १९१३ में अमेरिका के किस विश्विद्यालय में दाखिल हो गए?
४. किसका नाम सभापति के लिए प्रस्तावित किया गया?
५. बदरीनारायण मंदिर कितने फुट की ऊँचाई पर है?
६. वैद्य परमानंद हर बीमारी के लिए कौन-सी दवाई देते है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

७. आनंदी ने अपने ससुराल में क्या रंग-ढ़ग देखा?
८. ईर्ष्या-द्वेष से प्रेरित निन्दकों की कैसी दशा होती है?
९. पत्नी की मृत्यु का डॉ. अंबेडकर पर क्या प्रभाव पड़ा?
१०. बद्रीनाथ की घाटी का चित्रण कीजिए।
११. धरती ' वसुंधरा' क्यों कहलाती है?

**II. अ) निम्नलिखित वाक्य किसने–किससे कहा?** **4x1=4**

१२. 'क्या पंडिताइन चाची तुम्हारी तरह नहीं हैं?'
१३. बुद्धिमान लोग मूर्खों की बात पर ध्यान नहीं देते।'
१४. कहिए, दिल जम गया या बच गया।'
१५. 'ये लोग हम लोगों का हक मार रहे हैं।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:** **2x3=6**

१६. अभी परसों ही तो घी आया है। इतनी जल्दी उठ गया।'
१७. तुम नई अम्मा को पुरानी अम्मा क्यों नहीं कहती, फिर वे न नई रहेंगी और न डाँटेगीं।'
१८. वह आकर्षण है-सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का।'
१९. इसे भ्रम हो गया है कि यह बेहोश है।'

**III. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

२०. मधुर वचन से क्या मिटता है?
२१. यह संसार किसका खेल है?
२२. नवीन फल नित्य कहाँ मिला करते हैं?
२३. कवयित्री ने हमेशा किस प्रकार का व्यवहार किया?
२४. कवि ने दिवास्वप्न की रानी किसे कहा है?
२५. वीर काँटों को क्या समझता है?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **2x3=6**

२६. जीवन की नश्वरता के बारे में कबीर के क्या विचार हैं?

२७. बच्चन जी ने संसार और जीवन के संबंध में क्या कहा है?

२८. अपने मुग्ध मित्र से बिछुड़कर कवि की आत्मा कैसे तड़प रही है?

२९. नारी के शक्ति रूपों का वर्णन कीजिए।

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए:** **2x4=8**

३०. कहते हैं कनक माया है, कनक माया नहीं
कहते हैं कामिनी माया है, कामिनी माया नहीं
कहते हैं माटी माया है, माटी माया नहीं
मन के आगे जो चाह है, वही माया है, गुहेश्वर

अथवा

मनुष्य हो, तो वही रसखानि बसौ, ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जो पसु हौ, तो कहा बसु मेरो, चरौ नित नंद की धेनु मँझारन॥
पाहन हौ, तो वही गिरी कौ, जो धरयौ कर छत्र पुरन्दर धारन।
जो खग हौ, बसेरो करौं मिली कालिन्दी-कूल-कदम्ब की डारन॥

३१. दुख दैन्य अश्रु दारिद्रय धार-कर गए मुझे ही मनो-नीत।
तूफान और इस आँधी में सुनवाने रज का जीव गीत॥

अथवा

कहता है कौन कि भाग्य ठगा है मेरा?
वह सुना हुआ भय दूर भगा है मेरा।
कुछ करने में अब हाथ लगा है मेरा,
वन में ही तो गार्हस्थ्य जगा है मेरा।

**IV. अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए:** **6x1=6**

३२. ठाकुर सरदार सिंह का लड़का कहाँ पढ़ता था?

३३. श्मशान मनुष्य से प्यार के बदले क्या पाता है?

३४. लड़की की पढ़ाई कहाँ तक हुई थी?

३५. चंद्रप्रकाश के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति कैसे जीना चाहता है?

३६. सिलिया किस दौड़ में प्रथम आयी थी?

३७. मुंशी चंद्रिका प्रसाद की छँटनी किस विभाग से हो गई थी?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** **3x3=9**

३८. शराबी ठाकुर सरदारसिंह को कौन-कौन सी कहानियाँ सुनाता था?

३९. पहली पत्नी की मृत्यु पर युवक किस प्रकार विलाप करने लगा?

४०. चम्मच खो जाने पर वीरजी की क्या प्रतिक्रिया हुई?

४१. चंद्रप्रकाश को अपनी विवशता पर क्यों क्षोभ हुआ?

४२. सिलिया ने अपने संकल्प को किस प्रकार साकार किया?

४३. मुंशी चंद्रिका प्रसाद की लाचारी का वर्णन कीजिए।

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए:** **5x1=5**

४४. क. सभी उसको तारीफ करते हैं।
ख. शरीर पर कई अंग होते हैं।

ग. केवल यहाँ दो पुस्तकें हैं।

घ. उसने परिक्षा दिया।

ङ. कई महाविद्यालय खला।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: 5x1=5**

**(के, पर, के साथ, का,में)**

४५. क. जागना सारी चिंता.....मूल बन गया।

ख. जागना अर्थात् विवेक.....सोचना था।

ग. भूमि.....जन निवास करते हैं।

घ. जीवन नदी.....प्रवाह की तरह है।

ङ. मैदान.....कौन खेल रहें हैं?

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: 4x1=4**

| | |
|---|---|
| ४६. १. कान का पर्दा फटना | क. ध्यान देना |
| २. कान देना | ख. चुगली करना |
| ३. कान खड़े होना | ग. बहुत हल्ला होना |
| ४. कान भरना | घ. सावधान होना |

**ई) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3x1=3**

४७. क. मैने कुछ कहा था।(वर्तमान काल में बदलिए)

ख. पिताजी मैसूर जा रहे हैं। (भूतकाल में बदलिए)

ग. उसने दरवाजा खोला। (भविष्यत् काल में बदलिए)

**उ) अन्य लिंग रूप लिखिए: 2x1=2**

४८. विधुर पंडा

**ऊ) अन्य वचन रूप लिखिए: 2x1=2**

४९. भाला यात्रा

**ए) समानार्थक शब्द लिखिए: 2x1=2**

५०. चाँद तरुण

**ऐ) विलोम शब्द लिखिए: 2x1=2**

५१. अग्रज चर

**VI.अ)५३. निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 5x1=5**

हमारे समाज में बहुत से लोग भाग्यवादी होते हैं और सब कुछ भाग्य के सहारे छोड़कर कर्म में विरत हो बैठते हैं। ऐसे व्यक्ति ही समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर नहीं होने देते। आज तक किसी भाग्यवादी ने संसार में कोई महान कार्य नहीं किया। बड़ी-बड़ी खोजे, बड़े-बड़े आविष्कार और बड़े-बड़े निर्माण के कार्य श्रम के द्वारा ही पहुँचते हैं। जब हम परिश्रम से अपने कर्त्तव्य का पालन करते हैं, तो हमारे मन को अलौकिक आनंद मिलता है। ऐसे व्यक्ति को धर्म के बह्याचारों के अनुसरण की आवश्यकता नहीं होतीन उसका परिश्रम ही उसकी पूजा है।यदि हम अपने कार्य में ईमानदारी से श्रम नहीं करते, तो हमारे मन में एक प्रकार का भय समाया रहता है। कभी-कभी तो हम ग्लानि का भी अनुभव करते हैं।

प्रश्न: १. भाग्यवादी व्यक्तियों का समाज की प्रगति पर क्या प्रभाव पड़ता है?

२. लक्ष्य प्राप्ति में साधन संम्पन्नता, प्रतिभा और श्रम का क्या योगदान होता है?

३. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

४. ईमानदारी से काम न करने का हमारे हृदय पर क्या प्रभाव पड़ता है?

५. हमारे समाज में बहुत से लोग क्या होते हैं?

आ) ५३. अपने छोटी बहन को बोर्ड की परीक्षा में प्रथम स्थान पाने पर बधाई पत्र लिखिए। **5x1=5**

**अथवा**

अपने क्षेत्र में पेय जल की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

इ) ५४. **हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **5x1=5**

1. She reached Mysore safely.
2. There is a church in between the two houses.
3. Ravindranath Tagore established Shantiniketan.
4. India will never tolerate terrorism.
5. Unity is our strength.

*******